प्रसार निदेशालय

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर–2

इनपुट डीलर डिप्लोमा कोर्स सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय द्वारा आयोजित किए गए वर्ष 2019–20 में जनपद कानपुर नगर के 40 इनपुट डीलर का 1 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स आयोजित किया गया था। इनकी अर्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षाओ के उपरांत राष्ट्रीय कृषि प्रबंधन संस्थान हैदराबाद द्वारा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण कुलपति डॉ0 डी0आर0 सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने नई शिक्षा नीति लागू होने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए भी बदलाव किया गया है। एक वर्ष शिक्षा लेने पर छात्र पढ़ाई छोड़ देता है तो उसको 1 वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स का प्रमाण पत्र एवं 2 वर्ष पूरे करने पर उन्हें डिप्लोमा कोर्स का प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिससे वह बिना डिग्री प्राप्त किए भी स्वरोजगार प्राप्त सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि विश्वविद्यालय की तकनीकों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने गेहूं की के 1317 जो कम पानी में भी अधिक पैदावार देती है। तथा सरसों की पीतांबरी प्रजाति को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने का आवाहन किया। कानपुर नगर के उप निदेशक कृषि चौधरी अरुण कुमार ने इनपुट डीलर्स को उत्तम गुणवत्ता का बीज एवं कृषि रसायन कृषकों को उपलब्ध कराने को कहा तथा यह भी कहा कि अपनी दुकानों के स्टाक की स्थिति ठीक से रखरखाव करें। अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ0 धर्मराज सिंह ने बताया कि कृषि उत्पादों का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करके ही उपज का अधिक लाभ दिया जा सकता है। इसके लिए आवश्यकतानुसार संतुलित कीटनाशकों का ही प्रयोग कराएं।कृषकों को जैविक कीटनाशकों के प्रति अधिक जागरूक किया जाए। निदेशक प्रसार/समन्वयक डॉ एके सिंह द्वारा जनपद में बचे हुए इनपुट डीलर्स के लिए शीघ्र ही नए बैच चलाने के लिए आश्वासन दिया तथा डीलर्स को जिम्मेदारी दी कि नवीनतम कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने में अहम रोल अदा करें। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रोफेसर डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा धन्यवाद डॉ0 पीके राठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जितेंद्र सिंह, वैज्ञानिक(सस्य) द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 एस बी पाल, डॉ0 धनंजय सिंह, डॉ0 सुभाष चंद्रा, डॉ0 आशा यादव, डॉ0 मिथिलेश वर्मा, एन लारी,श्री मनोज कुमार चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

DIPLOMA IN AGRICULTURAL EXTENSION SERVICES FOR
INPUT DEALERS (DAESI) OF KANPUR NAGAR
CERTIFICATE DISTRIBUTION PROGRAMME
24 August, 2021
Directorate of Extension
Chandra Shekhar Azad University of Agriculture & Technology, Kanpur-2

DIPLOMA IN AGRICULTURAL EXTENSION SERVICES FOR
INPUT DEALERS (DAESI) OF KANPUR NAGAR
CERTIFICATE DISTRIBUTION PROGRAMME
24 August, 2021
Directorate of Extension
Chandra Shekhar Azad University of Agriculture & Technology, Kanpur-2